भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3780
सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में सीबीएसपी योजना

†3780. श्री जी. सेल्वमः
श्री सी. एन. अन्नादुरईः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में विशेषकर पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में सेवा मानकों और रोजगार क्षमता को बढ़ाने के संदर्भ में सेवा प्रदाताओं हेतु क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में सीबीएसपी के अंतर्गत प्रशिक्षित और प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कार्यक्रम ने तमिलनाडु के प्रमुख पर्यटन स्थलों में सेवा की गुणवत्ता, उद्यमिता और स्थानीय रोजगार सृजन में सुधार लाने में योगदान दिया है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान उक्त राज्य में सीबीएसपी प्रशिक्षण पहलों के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु में सीबीएसपी की पहुंच का विस्तार करने, उद्योग जगत के साथ साझेदारी को मजबूत करने और युवाओं तथा सेवा प्रदाताओं के लिए स्थायी कौशल विकास परिणाम सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों को शिक्षा, प्रशिक्षण और प्रमाणन आदि प्रदान करने के लिए "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण" (सीबीएसपी) नामक योजना लागू की है। यह योजना तमिलनाडु सहित पूरे देश में बेहतर सेवा मानक सुनिश्चित करने और सेवा प्रदाताओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने से संबंधित है।

पर्यटन मंत्रालय ने भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के माध्यम से सीबीएसपी योजना का तृतीय-पक्ष मूल्यांकन कराया है। क्यूसीआई ने वर्ष 2025 की अपनी रिपोर्ट में पुन: पुष्टि की है कि सीबीएसपी योजना ने तमिलनाडु सहित देश के पर्यटन और आतिथ्य कार्यबल की गुणवत्ता, रोजगार क्षमता और उद्यमिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

तमिलनाडु सहित देश भर में सीबीएसपी के तहत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे- हुनर से रोजगार तक, उद्यमिता कार्यक्रम, कौशल परीक्षण और प्रमाणन, पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम आदि को होटल प्रबंधन संस्थान, खाद्य शिल्प संस्थान, सूचीबद्ध संस्थानों, उद्योग के भागीदारों के माध्यम से निष्पादित किया जाता है। सीबीएसपी योजनाओं के तहत ये कार्यक्रम पर्यटन उद्योग की आवश्यकता के अनुसार बनाए गए हैं ताकि इसके सतत विकास हेतु स्थानीय समुदाय, युवाओं, सेवा प्रदाताओं आदि की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान तमिलनाडु में सीबीएसपी योजना के तहत प्रमाणित/प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या और जारी की गई राशि को दर्शाने से संबंधित एक विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

******

अनुबंध

श्री जी. सेल्वम और श्री सी. एन. अन्नादुरई द्वारा तमिलनाडु में सीबीएसपी योजना के संबंध में दिनांक 16.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3780 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान तमिलनाडु राज्य में सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या और जारी की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**प्रशिक्षित / प्रमाणित व्यक्तियों की संख्या**	**जारी की गई राशि (लाख में)**
2022-23	3137	92.12
2023-24	3644	100.43
2024-25	2324	152.63

******